प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 31.12.2024 समय: 2.10 PM

विवाद से विश्वास योजना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड-सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा आज से बढ़ाकर अगले वर्ष 31 जनवरी तक कर दी है। इससे करदाताओं को योजना में निर्दिष्ट देय राशि निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। बजट में घोषित योजना का उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है। इससे करदाताओं को एक निर्दिष्ट प्रतिशत के साथ विवादित राशि का भुगतान करके अपनी बकाया कर देनदारियों का निपटान करने में मदद मिलेगी।

नया साल

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के लोग नव वर्ष 2025 का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर भवन रोशनी से जगमग हैं। रेस्त्रां और होटलों के साथ पार्टी के आयोजन स्थल भारी भीड़ प्रबंधन के लिए तैयार हो रहे हैं। भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी ने कहा कि पुलिस द्वारा राजधानी में नये साल के जश्न को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं ।

गुना में सीसीटीव्ही कैमरों से लोगों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रहेगी । वहीँ, पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी . **नर्मदापुरम** जिले के हिल पचमढ़ी में 26 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित पचमढ़ी महोत्सव अपने चरम पर है। आज साल के आखिरी दिन को विदाई और नये साल का स्वागत करने हजारों की संख्या में पर्यटक मौजूद हैं।

जेल सुविधाएं

प्रदेश की जेलों में बंद सभी कैदियों को अब खाने के साथ सलाद मिलेगा। चाय, दूध, तेल और दाल की मात्रा भी थोड़ी बढ़ाई जाएगी। ये बदलाव एमपी करेक्शनल सर्विसेज एंड प्रिज़न्स एक्ट 2024 के तहत हो रहे हैं। महिला कैदियों में स्वास्थ्य और साफ-सफाई को बढ़ावा देने के अलावा, जेलों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने और भीड़भाड़ कम करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश की जेलों में क्षमता 36 हजार कैदियों की है लेकिन इनमे 43 हजार कैदी हैं। इनमें से लगभग 1,900 महिलाएं हैं।

धार जनकल्याण अभियान

धार जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं का लाभ देने के लिए अभी तक 545 शिविर आयोजित किए जा

चुके है। शिविरों में कुल 26 हजार 503 आवेदन प्राप्त हुए है, इनमें से 15 हजार 879 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। गौरतलब है कि जनकल्याण अभियान में आमजन से जुड़ी शासकीय सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सीधा पहुंचाया जा रहा है। जिले में 11 दिसंबर से शुरू हुआ जनकल्याण अभियान 26 जनवरी तक चलेगा।

मौसम

प्रदेश में नए साल के साथ ही कड़ाके की सर्दी दस्तक देने को तैयार है। कुछ दिनों पहले हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में जबरदस्त बर्फबारी हुई है। वहां से आ रही सर्द हवाओं ने एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा दी है। आगामी तीन से चार दिन तक कई शहरों में शीतलहर चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, साल 2024 की आखिरी रात को आज भी प्रदेश में ठंड का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है।

- जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन ने नुकसान को लेकर सर्वे शुरू कर दिया है।
- छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस को वित्तीय धोखाधड़ी सम्बन्धी आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए हैं।
- शिवपुरी के माधवराव सिंधिया खेल परिसर में खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संचालित मध्य प्रदेश राज्य महिला क्रिकेट अकादमी की तीन महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हुआ है। और
- नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरौली द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में निगाही के स्कूली बच्चों की टीम ने अमलोरी की टीम को मात देकर यह खिताब जीता।